## मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

# (ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

## केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

**दिनांकः 30 अगस्त 2019**

## जोधपुर

### जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

| मौसमी तत्व / दिनांक | 31/08/19 | 01/09/19 | 02/09/19 | 03/09/19 | 04/09/19 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मि.मी.) | 25 | 20 | 12 | 9 | 10 |
| अधिकतम तापमान (°सेल्सियस) | 35 | 36 | 36 | 37 | 36 |
| न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस) | 27 | 27 | 28 | 28 | 27 |
| बादलों की स्थिति (ओक्टा) | 7 | 7 | 7 | 6 | 6 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह | 79 | 76 | 74 | 69 | 71 |
| सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम | 26 | 25 | 25 | 23 | 24 |
| हवा की गति (कि.मी/घंटा) | 12 | 13 | 14 | 12 | 13 |
| हवा की दिशा | दक्षिण–पश्चिम | पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम | पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम | पश्चिम | पश्चिम |

### मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

| फसल | अवस्था | सलाह |
|---|---|---|
| | | आनेवाले पांच दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए खडी फसल में किसी भी प्रकार के कृषि रसायन के पर्णीय छिडकाव को कुछ समय तक स्थगित करें। |
| | | वर्षा की सम्भावना को देखते हुए सभी दलहनी फसलों व सब्जियों में जल निकास का उचित प्रबंन्ध करें । |
| बाजरा | | बाजरा की फसल को अरगट रोग से बचाने के लिए सिट्टे निकलने की अवस्था पर जाइनेब ढाई किलो या मैन्कोजेब दो किलो प्रति हैक्टेयर की दर से तीन–तीन दिन के अन्तर पर 2–3 बार छिडकाव करें। छिडकाव मौसम साफ होने पर ही करें। |
| मूंग | | मूंग की फसल में फली छेदक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टेयर में छिडकाव करें। |
| पशु | | वर्षा की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए पशुओ को सीधी बारिश से बचाएं तथा पशुओ को पेड़ के नीचे ना बांधें। पशु बाड़े से जल निकासी के पर्याप्त प्रबन्ध करें ताकि पशुओं को कीचड़ से बचाया जा सकें। |

(नौडल ऑफीसर)